## प्रेस नोट दिनाँक 05.04.2021

**(1).** दिनाँक 04.04.2021 की रात्रि में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकूट श्री शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अंकित मित्तल द्वारा थाना मऊ अन्तर्गत ग्राम नीबी एवं पूरव पताई में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टित जनचौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को जागरुक किया।

जिलाधिकारी महोदय ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर आश्वस्त करते हुए ग्रामीण को कहा, कि पारदर्शी और निष्पक्षता से शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराए जाने के लिए प्रशासन और पुलिस पूरी तरह तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी को मतदान करने से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा । उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि पंचायत चुनाव को शांतिपूर्वक ढंग संपन्न कराने में अपना सहयोग करें, उन्होंने कहा कि यदि कोई दबंग मतदान करने के लिए धमकाता है या प्रलोभन देता है तो उसकी सूचना कंट्रोल रूम या प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों को तत्काल सूचित करें ।उन्होंने चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को कहा कि वह किसी प्रकार से चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न करें। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार और मतदान के दौरान कोविड-19 की गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन किया जाए क्योंकि कोरोना का संक्रमण बढ़ता जा रहा है। उन्होंने संभावित उम्मीदवारों और समर्थकों को आह्वान किया कि मास्क का प्रयोग आवश्यक रूप से करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने वैक्सीनेशन के लिए प्रोत्साहित किए उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन सभी को करा लेना चाहिए जो 45 साल के उम्र के हो चुके हैं यह वैक्सीनेशन 45 साल के उम्र के व्यक्तियों को लगाया जा रहा है । जिला मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों को निर्देश निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्रों में पानी शौचालय बिजली की समुचित व्यवस्था करा ले ।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने ग्रामीणों से कहा कि चुनाव में बाधा डालने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा । उन्होंने कहा कि मतदान को प्रभावित करने वाले लोगों को चिन्हित करने में अपना सहयोग करें उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया जाएगा । उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि किसी बाहरी व्यक्तियों को चुनाव में न बुलाए उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर ऐसे व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष नजर रखी जाएगी । उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में ऐसे मतदान केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा उन्होंने कहा कि आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी ।

**इस अवसर उपजिलाअधिकारी मऊ श्री नवदीप शुक्ला, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री सुबोध कुमार गौतम, प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री गुलाब त्रिपाठी, पीआरओ श्री दिनेश सिंह, अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।**

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में श्री संजय उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक भरतकूप द्वारा भोली भाली जतना में भय आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले अभियुक्त 1.उपेन्द्र 2. चुन्नू उर्फ निर्भय पुत्रगण रामहित 3. रामहित पुत्र बसंतलाल निवासीगण बन्दरी थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट के विरुद्ध थाना भरतकूप में धारा 110जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री सुशीलचन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में थाना रैपुरा पुलिस ने 02 वाँछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया ।

(i). वरि0उ0नि0 श्री शिवकुमार यादव तथा उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 24/21 धारा 306 भादवि0 के वाँछित अभियुक्त अजय सिंह उर्फ बच्चा पुत्र रामसिया निवासी गेटा का पुरवा मजरा भौरी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1. वरि0उ0नि0 श्री शिवकुमार यादव थाना रैपुरा
2. उ0नि0 श्री शिवपूजन यादव
3. आरक्षी नरेन्द्र

(ii). उ0नि0 श्री सत्यमपति त्रिपाठी तथा उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0- 20 /2021 धारा 363 भादवि0 से सम्बन्धित पीड़िता को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया तथा मुकदमें से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त कृष्ण कुमार पुत्र राम भवन निवासी छेछरिया बुजुर्ग थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

**बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली टीम:-**
1. उ0नि0 श्री सत्यम पति त्रिपाठी
2. आरक्षी ललित बाबू
3. महिला आरक्षी अनामिका

**(4).** आज दिनाँक-05.04.2021 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में जनपद के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में स्थित बैंक, वित्तीय संस्थानों व उसके आस-पास स्थानों पर सघन चेकिंग की गयी। बैंक चेकिंग के दौरान डियूटी रजिस्टर, अलार्म, सीसीटीवी कैमरों को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैंक के आस-पास एवं अन्दर अनावश्यक/संदिग्ध व्यक्तियों को चेक किया गया। पुलिस टीमों द्वारा 02/04 पहिया वाहनों में संदिग्ध व्यक्तियों तथा वस्तुओं की चेकिंग की गयी।

**(5).** उ0प्र0 शासन द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में दिनांक 04.04.2021 को एंटी रोमियो टीम थाना भरतकूप द्वारा ग्राम भारतपुर के भरकूप मंदिर और सरस्वती भरत मंदिर मे, एंटी रोमियो टीम थाना बरगढ़ द्वारा परानू बाबा मन्दिर, जमीरा कालोनी,कोलमजरा आदि स्थानों में भ्रमण कर, एंटी रोमियो टीम थाना पहाड़ी चित्रकूट द्वारा बैंक ,नांदी तिराहा , बरेठी तिराहा आदि जगहों का भ्रमण कर, एंटी रोमियो टीम थाना रैपुरा द्वारा बॉडी पोखरी चौराहा एवं हनुमान कुटी जाकर, एंटी रोमियो टीम थाना मारकुंडी द्वारा आर्यावर्त बैंक कस्बा मारकुंडी व ग्राम अमचुर नेरुआ में, एण्टी रोमियो टीम थाना मऊ जनपद चित्रकूट द्वारा बस स्टैंड एस0बी0आई0 बैंक ,आर्यावर्त बैंक ,बड़ौदा बैंक, इंडियन बैंक, शिवपुर तिराहा आदि का भ्रमण कर, एण्टी रोमियो टीम महिला थाना द्वारा चकरेही चौराहा, बस स्टैण्ड, भैरोपागा कर्वी में भ्रमण करके छात्राओं/बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने थाना के सीयूजी नम्बर के बारें में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया साथ ही कोविड-19 के नियमों का पालन करने हेतु बताते हुये कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरुक किया गया। एण्टी रोमियों टीम की महिला आरक्षियों द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी गयी। एण्टी रोमियो टीम के सदस्यों द्वारा छात्राओं/बालिकाओं से उनके साथ घटित किसी भी प्रकार की समस्याओं के बारें में पूछा गया एवं आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना प्रभारी/एण्टी रोमियों टीम प्रभारी व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर काल करने हेतु कहा गया।

**(6).** पंचायत चुनाव के दृष्टिगत दिनाँक-04.04.2021 को श्री शुभ्रांत कुमार शुक्ल जिलाधिकारी चित्रकूट एवं श्री अंकित मित्तल पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा थाना मऊ में श्री नवदीप शुक्ला उपजिलाधिकारी मऊ एवं श्री सुबोध गौतम क्षेत्राधिकारी मऊ की उपस्थिति में थाना मऊ एवं बरगढ़ की समीक्षा गोष्ठी की गयी। समीक्षा गोष्ठी में महोदय द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये-

(i). प्रभारी निरीक्षक मऊ एवं बरगढ़ को एरिया डोमिनेशन हेतु शेष ग्रामों की समीक्षा कर एरिया डोमिनेशन करने हेतु निर्देश दिये गये।

(ii). थाना क्षेत्र के समस्त पोलिंग बूथ सेंटरों का भौतिक सत्यापन करने हेतु निर्देश दिये।

(iii). लाइसेंसी शस्त्रों की समीक्षा की गयी।

(iv). पूर्व के चुनाव में पंजीकृत हुए अभियोगों में कार्यवाही की समीक्षा की गयी।

(v). आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

(vi). प्रभारी निरीक्षक थाना बरगढ़ एवं मऊ को रूट मार्च और ग्राम चौपाल करने हेतु निर्देश दिये गये।

(vii). चुनाव में बाहर से आने वाली फोर्स के रूकने वाले स्थानों की समीक्षा कर समुचित व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिये गये।

(viii). थाना क्षेत्र के संवेदनशील/अति संवेदनशील एवं संवेदनशील प्लस ग्रामों की समीक्षा करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

(ix). 10 साल के अपराधों से सम्बन्धित अपराधियों की समीक्षा कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

(x). प्रभारी निरीक्षक थाना मऊ एवं बरगढ़ को अवैध शराब, अवैध शस्त्र, अवैध गांजा बेचने वालों पर कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशआ निर्देश दिये गये।

(xi). थाना पर चुनाव के दृष्टिगत की गयी निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा की गयी। ज्यादा से ज्यादा निरोधात्मक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये।

(xii). डियूटी में लगाये जाने वाले क्लस्टर मोबाइल के रूटों की समीक्षा की गयी।

समीक्षा गोष्ठी में श्री गुलाब त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना मऊ, श्री रविप्रकाश प्रभारी निरीक्षक थाना बरगढ़, पीआरओ पुलिस अधीक्षक, थाना मऊ एवं थाना मऊ में नियुक्त उपनिरीक्षकगण एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(7).** आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत दिनाँक-04.04.2021 को श्री जी0पी0 सिंह अपर जिलाधिकारी चित्रकूट एवं श्री शैलेन्द्र कुमार राय अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट की अध्यक्षता में थाना मानिकपुर अन्तर्गत ग्राम कल्याणपुर एवं ग्राम चमरौहा में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जनचौपाल में महोदय द्वारा महोदय द्वारा बताया गया कि आने वाले पंचायत चुनाव में किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आए, किसी दबाव में न आए भयमुक्त होकर निष्पक्ष रूप से मतदान अवश्य करें। ग्राम में होने वाले किसी भी प्रकार के अवैध कार्य की सूचना पुलिस को अवश्य दें जिससे कि अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा सकें। महोदय द्वारा बताया गया कि कोई भी अवैध शराब का सेवन न करें, शराब सेहत के लिए हानिकारक है। जनचौपाल में उपस्थित जनमानस द्वारा आश्वत कराया गया कि वो लोग किसी भी प्रकार के अवैध कार्य में संलिप्त नही होगो तथा अवैध शराब का सेवन नही करेगें।

आयोजित जनचौपाल कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना मानिकपुर श्री सुभाषचन्द्र चौरसिया व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।